

नवभारत 11
सतना, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

# आईसीसी ने पहली बार महिला टी20आई चैलेंज ट्रॉफी का किया आयोजन

**आज से 1 मई तक होंगे मुकाबले**

**नेपाल, अमेरिका, इटली सहित 5 टीमें शामिल**



## आईसीसी महिला टी20 ट्रॉफी शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल. महिला क्रिकेट को नई पहचान देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बड़ा कदम उठाते हुए पहली बार महिला टी20आई चैलेंज ट्रॉफी 2026 के आयोजन का ऐलान किया है.**

इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है, जिससे यह साफ हो गया है कि महिला क्रिकेट के विस्तार और विकास के लिए अब वैश्विक स्तर पर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं. यह टूर्नामेंट 18 अप्रैल से 1 मई 2026 तक किगाली में खेला जाएगा. सभी मुकाबले गाहांगा क्रिकेट स्टेडियम के दो मैदानों पर आयोजित होंगे. कुल 20 मैचों के इस टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें नेपाल, संयुक्त राज्य अमेरिका (अमेरिका), इटली, रवांडा और वानुआतु शामिल हैं. पहले ही दिन दो बड़े मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें मेजबान रवांडा का सामना इटली से होगा, जबकि दूसरे मैच में नेपाल और अमेरिका की टीमें आमने-सामने होंगी.

आईसीसी का यह टूर्नामेंट खासतौर पर एसोसिएट सदस्य देशों की महिला टीमों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. इन टीमों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के कम अवसर मिलते हैं, लेकिन इस प्रतियोगिता के जरिए उन्हें लगातार मैच खेलने और अपने खेल को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा. इससे खिलाड़ियों को अनुभव मिलेगा और वे भविष्य में बड़े टूर्नामेंट्स के लिए खुद को तैयार कर सकेंगी.

टूर्नामेंट का फॉर्मेट भी काफी प्रतिस्पर्धी रखा गया है. इसे डबल राउंड-रॉबिन सिस्टम में खेला जाएगा, जिसमें हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ दो बार खेलेगी. इस फॉर्मेट से टीमों को अधिक मैच खेलने का अवसर मिलेगा और प्रदर्शन में निरंतरता लाने का मौका भी मिलेगा. साथ ही, यह व्यवस्था टूर्नामेंट को और ज्यादा रोमांचक बनाएगी.


अगर दावेदार टीमों की बात करें तो नेपाल और अमेरिका को इस टूर्नामेंट में मजबूत माना जा रहा है. नेपाल इस प्रतियोगिता की सबसे उच्च रैंकिंग वाली टीम है और हाल ही में महिला टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर में भी भाग ले चुकी है. वहीं अमेरिका की टीम भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है और उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है. वानुआतु की टीम ने भी पिछले साल क्वालिफायर में शानदार खेल दिखाया था, जिससे वह भी एक खतरनाक टीम बनकर उभरी है. आईसीसी की यह पहल महिला क्रिकेट के भविष्य को ध्यान में रखकर की गई है. 2026 के महिला टी20 वर्ल्ड कप में टीमों की संख्या 12 तक बढ़ाने की योजना है, जबकि 2030 तक इसे 16 टीमों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है. ऐसे में यह टूर्नामेंट नई टीमों को तैयार करने और उन्हें बड़े मंच के लिए मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगा.

### आईसीसी महिला टी20 शेड्यूल

| | |
|---|---|
| 18 अप्रैल 2026 : | रवांडा बनाम इटली और नेपाल बनाम यूएसए |
| 19 अप्रैल 2026 : | रवांडा बनाम वानुअतु और इटली बनाम नेपाल |
| 21 अप्रैल 2026 : | रवांडा बनाम यूएसए और वानुअतु बनाम इटली |
| 22 अप्रैल 2026 : | रवांडा बनाम नेपाल और यूएसए बनाम वानुअतु |
| 24 अप्रैल 2026 : | नेपाल बनाम वानुअतु और इटली बनाम यूएसए |
| 26 अप्रैल 2026 : | रवांडा बनाम वानुअतु और यूएसए बनाम नेपाल |
| 27 अप्रैल 2026 : | रवांडा बनाम इटली और यूएसएबनाम वानुअतु |
| 28 अप्रैल 2026 : | रवांडा बनाम नेपाल और इटली बनाम वानुअतु |
| 30 अप्रैल 2026 : | इटली बनाम यूएसए और नेपाल बनाम वानुअतु |
| 1 मई 2026 : | रवांडा बनाम यूएसए और इटली बनाम नेपाल |

### एक नजर में

## कॉनर एस्टरहुइजन गुजरात टाइटंस में शामिल



**अहमदाबाद.** गुजरात टाइटंस ने दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को आईपीएल 2026 के बाकी मैचों के लिए साइन कर लिया है. वह उंगली की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए टॉम बैंटन की जगह लेंगे. 24 साल के एस्टरहुइजन ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में हुई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उन्होंने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया था. 145.98 के स्ट्राइक रेट से 200 रन बनाकर वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे. अपने पहले ही इंटरनेशनल टूर्नामेंट में उन्होंने 'प्लेयर ऑफ़ द सीरीज' का खिताब जीता और दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई. इन पांच मैचों में उन्होंने कुल 13 छक्के भी जड़े. एस्टरहुइजन एसए20 लीग में एमआई केप टाउन और हाल ही में प्रिटोरिया कैपिटल्स की ओर से भी खेल चुके हैं. वह 75 लाख रुपये की अपनी बेस प्राइस पर गुजरात टाइटंस से जुड़ेंगे और जोस बटलर के लिए एक बैकअप विकेटकीपर के तौर पर टीम में शामिल रहेंगे. उल्लेखनीय है कि टाइटन्स ने अब तक दो मैच जीते हैं और दो हारे हैं.



## 75वीं वर्षगांठ समारोह की योजनाओं का अनावरण

**नई दिल्ली.** देश में ओलंपिक खेल शूटिंग की संचालन संस्था नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने अपनी स्थापना दिवस पर 75वीं वर्षगांठ समारोह के लिए विस्तृत योजनाओं की घोषणा की. समारोह की शुरुआत यहां प्रतिष्ठित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) के फाइनल्स हॉल में औपचारिक केक कटिंग के साथ हुई. इस अवसर पर एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह, सचिव राजीव भाटिया, खेल रत्न पुरस्कार विजेता जीतू राय, अर्जुन पुरस्कार विजेता और टीम इंडिया के मुख्य शॉटगन कोच मनशेर सिंह तथा दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित राष्ट्रीय शूटिंग टीम के खिलाड़ी, कोच और सपोर्ट स्टाफ तथा नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के सदस्य उपस्थित रहे. इस अवसर पर पवनकुमार सिंह ने कहा, 'एनआरएआई की स्थापना 1951 में आज ही के दिन हुई थी, जिसके पहले अध्यक्ष देश के प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, सांसद और लोकसभा के पहले अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर थे.

## अक्षर ने कोहली को सिर्फ़ एक बार किया आउट



**बेंगलुरु.** आईपीएल 2026 में शनिवार के पहले मुक़ाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा. जहां आरसीबी की टीम पांच में से चार मुक़ाबले जीतकर शीर्ष-2 में है, वहीं डीसी चार में से दो मुक़ाबले जीत और दो मुक़ाबले हारकर अंक तालिका के बीच में है. दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुक़ाबलों में आरसीबी को 20, जबकि डीसी को 12 में जीत मिली है, जबकि एक मुक़ाबला रद्द हुआ था. बेंगलुरू में हुए दोनों टीमों के बीच 13 मुक़ाबलों में भी आरसीबी 7-5 से आगे है. पांच पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 228 रन बना चुके विराट कोहली को अगर रोकना है, तो डीसी के कप्तान अक्षर पटेल को ख़ुद नई गेंद थामनी होगी. अक्षर ने कोहली को आईपीएल में सिर्फ़ एक बार आउट किया है, लेकिन कोहली, उन पर सिर्फ़ 113 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाते हैं. अक्षर, कोहली के सलामी जोड़ीदार फ़िल सॉल्ट को भी परेशान करते हैं और सॉल्ट भी उनके ख़िलाफ़ सिर्फ़ 113 के ही स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं. सॉल्ट, अक्षर के ख़िलाफ़ चार पारियों में दो बार आउट भी हुए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी ने भी सॉल्ट को चार में से दो पारियों में आउट किया है. अक्षर ना सिर्फ़ शुरुआती बल्कि बाद के ओवरों में भी इस मैच में अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं.

## शुभंकर ने जीता पहला बोल्डर्स क्लासिक खिताब



**हैदराबाद.** राउंडग्लास स्पोर्ट्स के एथलीट और ब्रांड एंबेसडर शुभंकर शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित पहले 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के बोल्डर्स क्लासिक का खिताब अपने नाम किया. दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट पर वापसी करते हुए, दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अपने अनुभव और क्लास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह प्रतिष्ठित खिताब जीता. पूरे टूर्नामेंट के दौरान शर्मा का दबदबा कायम रहा. उन्होंने अपनी सटीक बॉल-स्ट्राइकिंग और शांत स्वभाव के दम पर कोर्स को लगातार नियंत्रित किया. उनके प्रत्येक दिन के स्कोर ने उनके प्रदर्शन को दर्शाया- पहले दिन उन्होंने छह अंडर 66 का संयमित स्कोर बनाया, जिसके बाद दूसरे दिन भी छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने हाफवे स्टेज पर दो शॉट की बढ़त बना ली. तीसरे दिन शर्मा ने पूरी तरह नियंत्रण दिखाते हुए आठ अंडर 64 का स्कोर बनाया, जिसमें नौ बर्डी और केवल एक बोगी शामिल थी. यह स्कोर कोर्स रिकॉर्ड के बराबर रहा और उन्होंने अंतिम दिन में प्रवेश करते हुए सात शॉट की बड़ी बढ़त हासिल कर ली.

# गुजरात की केकेआर पर शानदार जीत

## पांच विकेट से हराया, शुभमन गिल की पारी से मिली जीत



**अहमदाबाद 17 अप्रैल.** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने शानदार खेल दिखाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच विकेट से हराकर जीत दर्ज की। कप्तान शुभमन गिल की जिम्मेदारी भरी अर्धशतकीय पारी इस जीत का मुख्य आधार रही। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 180 रन ही बना सकी, जो एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी रही। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। शुभमन गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तेज अर्धशतक पूरा किया। अंत में गुजरात ने 19.4 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| टिम सेफ़र्ट | 19 | 14 | 2 | 1 |
| अजिंक्य रहाणे | 0 | 1 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी | 8 | 4 | 2 | 0 |
| कैमरून ग्रीन | 79 | 55 | 7 | 4 |
| रोवमैन पॉवेल | 27 | 20 | 2 | 2 |
| अनुकूल रॉय | 9 | 7 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह | 1 | 2 | 0 | 0 |
| रमनदीप सिंह | 17 | 8 | 2 | 1 |
| सुनील नरेन | 0 | 5 | 0 | 0 |
| कार्तिक त्यागी | 6 | 4 | 0 | 1 |
| वैभव अरोड़ा | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 14, **कुल** 20 ओवर में 180

**गुजरात गेंदबाजी-** मोहम्मद सिराज 4-0-23-2, कगिसो रबाडा 4-0-29-3, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-32-1, अशोक शर्मा 4-0-45-2, राशिद खान 4-0-44-1.

**गुजरात टाइटन्स बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 22 | 16 | 1 | 2 |
| शुभमन गिल | 86 | 50 | 8 | 4 |
| जोस बटलर | 25 | 15 | 2 | 2 |
| वाशिंगटन सुंदर | 13 | 13 | 1 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स | 19 | 16 | 2 | 0 |
| राहुल तेवतिया | 7 | 6 | 0 | 0 |
| शाहरुख खान | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 6, **कुल** 19.4 ओवर में 181/5

**कोलकाता गेंदबाजी-** वैभव अरोड़ा 4-0-35-1, कार्तिक त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल रॉय 3-0-37-0, सुनील नरेन 4-0-28-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप सिंह 0.4-0-5-1.

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीबीकेएस | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | +1.06 |
| 2. | आरसीबी | 5 | 4 | 1 | | 8 | +1.50 |
| 3. | आरआर | 5 | 4 | 1 | | 8 | +0.88 |
| 4. | जीटी | 5 | 3 | 2 | | 6 | +0.018 |
| 5. | हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | | 4 | +0.57 |



## बीसीसीआई ने रोमी भिंडर को किसी भी गलत काम से किया बरी


**मुंबई.** राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को डगआउट के पास मोबाइल फ़ोन इस्तेमाल करते देखे जाने के बाद किसी भी गलत काम के आरोप से बरी कर दिया गया है - जबकि भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के तहत ऐसा करना मना है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की भ्रष्टाचार-रोधी और सुरक्षा इकाई ने इसे पहली बार किया गया अपराध मानते हुए उन पर 1 लाख रुपये का मामूली जुर्माना लगाया है. उन्हें चेतावनी भी जारी की गई है. क्रिकबज ने 16 अप्रैल को रिपोर्ट दी थी कि भिंडर के खिलाफ कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की जाएगी. एसीएसयू की यह कार्रवाई एक कारण बताओ नोटिस और जांच के बाद हुई, जिसमें पाया गया कि भिंडर ने डगआउट के पास फ़ोन इस्तेमाल करने में लापरवाही बरती थी, लेकिन उनके किसी भी गलत इरादे का कोई सबूत नहीं मिला. इस चूक को पहली बार किया गया अपराध माना गया, और भिंडर - जो आईपीएल के पहले सीज़न से ही इससे जुड़े हुए हैं - के प्रति नरम रुख अपनाया गया.



## कर्नाटक बना अंडर -13 का चैंपियन

**महिलपुर. कर्नाटक अंडर 13 अस्मिता नेशनल फुटबॉल लीग का चैंपियन बन गया है. गुरुवार को महिलपुर में हुए फाइनल मुकाबले में, मेजबान पंजाब के साथ 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद, कर्नाटक ने पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की.**

ग्रुप बी में शामिल कर्नाटक ने अपने अभियान की शुरुआत राजस्थान के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ की. इसके बाद झारखंड के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला, और फिर असम पर 3-0 से जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया. सेमीफाइनल में, कर्नाटक ने मिजोरम को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की. मेजबान पंजाब के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 से समाप्त हुआ, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में कर्नाटक ने 5-4 से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया. कर्नाटक की सुभद्रा ए ने 31वें मिनट में पहला गोल किया, जिसके बाद 38वें मिनट में पंजाब की तनवीर कौर ने बराबरी का गोल दाग दिया.



## मेसी ने बार्सिलोना का निचली लीग क्लब खरीदा

**मैड्रिड.** एफसी बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने स्पेन के पांचवें दर्जे के क्लब यूएई कोर्नेला को खरीदने का काम पूरा कर लिया है. अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने, जो एमएलएस टीम इंटर मियामी के लिए खेलते हैं, बार्सिलोना के बाहरी इलाके में स्थित इस क्लब का 100 प्रतिशत मालिकाना हक हासिल कर लिया है. यूएई कोर्नेला फिलहाल आरएफईएफ थर्ड डिवीजन के ग्रुप 5 से ऊपर उठने की कोशिश कर रहा है; पिछले सीजन में यह आरएफईएफ सेकंड डिवीजन से नीचे खिसक गया था.

## ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद उबेर कप से हटीं



**नयी दिल्ली, 17 अप्रैल भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, ट्रीसा की चोट के कारण उबेर कप फाइनल्स 2026 में हिस्सा नहीं लेंगी.**

भारतीय बैडमिंटन संघ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनकी जगह श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबम को टीम में शामिल किया गया है. उबेर कप में भारतीय महिला टीम मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप-ए में है. मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीमें हैं. भारत उबेर कप के पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था.

**आईपीएल में आज दो बड़े मुकाबले** ▶ बेंगलुरु में हाई स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद, कोहली, राहुल, क्लासेन पर रहेंगी नजरें

# बेंगलुरु-दिल्ली और हैदराबाद-चेन्नई में रोमांचक भिड़ंत

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में 18 अप्रैल का दिन क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि इस दिन एक नहीं बल्कि दो बड़े मुकाबले खेले जाएंगे.**







पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरा मैच सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा. पहले मुकाबले की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सीजन में शानदार फॉर्म में नजर आ रही है. टीम ने अब तक खेले गए 5 मुकाबलों में से 4 में जीत दर्ज की है और वह अंक तालिका में मजबूत स्थिति में है. बल्लेबाजी में टीम के पास विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो लगातार रन बना रहे हैं. उनके साथ रजत पाटीदार और फिलिप सॉल्ट भी टीम को मजबूत शुरुआत देने में सक्षम हैं. गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की जोड़ी विपक्षी बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है.

दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की टीम संतुलित नजर आती है, लेकिन उसे निरंतरता की जरूरत है. केएल राहुल और पथुम निसांका से टीम को अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी, जबकि मध्यक्रम में डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स तेजी से रन बनाने की क्षमता रखते हैं. गेंदबाजी में कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी अहम भूमिका निभा सकती है.

> ऐसे में इस मैच में भी रन बरसने की पूरी संभावना है. दिन के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपरकिंग्स की टीमें आमने-सामने होंगी. दोनों टीमों का प्रदर्शन इस सीजन में लगभग समान रहा है और दोनों ही जीत की तलाश में मैदान पर उतरेंगी. चेन्नई सुपरकिंग्स के पास अनुभव की कोई कमी नहीं है और टीम में संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज हैं, जो मैच का रुख बदल सकते हैं. गेंदबाजी में नूर अहमद और मुकेश चौधरी पर जिम्मेदारी होगी. वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की टीम युवा और आक्रामक खिलाड़ियों से भरी हुई है.

चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच की बात करें तो यह बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है. छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड के कारण यहां अक्सर बड़े स्कोर बनते हैं. औसतन पहली पारी का स्कोर 160-170 के आसपास रहता है, लेकिन कई बार टीमें 200 से ऊपर का स्कोर भी बना चुकी हैं.